
ई-न्यूज
24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, बुधवार 11 नवम्बर 2026
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 3 अंक 189

उत्तर भारत में सर्दी की दस्तक, दक्षिण में बारिश का अलर्ट; राजस्थान में रातें ठंडी, दिन अब भी गर्म

एक साथ सक्रिय तीन मौसमी सिस्टम बदलेंगे देश का मौसम



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली। देश के मौसम में इन दिनों एक साथ कई रंग दिखाई दे रहे हैं। कहीं सर्दी ने दस्तक दे दी है तो कहीं बारिश का दौर लौटने की तैयारी में है। जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में ताजा बर्फबारी के बाद पहाड़ों ने सफेद चादर ओढ़ ली है। दूसरी ओर, दिल्ली में प्रदूषण ने लोगों की सांसों पर संकट बढ़ा दिया है। राजस्थान में रात का पारा तेजी से नीचे उतर रहा है, लेकिन दिन की धूप अब भी गर्मी का अहसास करा रही है। मौसम में इस बदलाव के पीछे देश के अलग-अलग हिस्सों में सक्रिय तीन बड़े मौसमी सिस्टम बताए जा रहे हैं। मौसम का सबसे ज्यादा असर फिलहाल पहाड़ी राज्यों और दक्षिण भारत में दिखाई देगा। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 13 नवंबर तक पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में बारिश और बर्फबारी की संभावना है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के कुछ इलाकों में भारी बारिश या बर्फबारी का अलर्ट जारी किया गया है। गुलमर्ग में हुई ताजा बर्फबारी ने सर्द मौसम की आहट और तेज कर दी है। यहां गोंडोला के फेज-1 के आसपास की पहाड़ियां बर्फ से ढक गई हैं।

दक्षिण में बारिश के दो दौर

दक्षिण भारत में उत्तर-पूर्वी मानसून सक्रिय है। इसके चलते तमिलनाडु, केरल, पुडुचेरी और कराईकल में 11 नवंबर को भारी बारिश की चेतावनी है। इसके बाद 15 और 16 नवंबर को भी बारिश का एक और दौर आने की संभावना है। इसी बीच दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बनने के आसार हैं। अगले 24 घंटे में इसके मजबूत होने की संभावना है। इसका असर दक्षिण भारत के मौसम पर पड़ सकता है और आगामी बारिश तेज हो सकती है।

राजस्थान में रात को सर्दी, दिन में गर्मी

राजस्थान में मौसम का मिजाज दोहरा बना हुआ है। मंगलवार को न्यूनतम तापमान गिरकर 5 डिग्री तक पहुंच गया, जबकि पश्चिमी राजस्थान के कई जिलों में दिन का अधिकतम तापमान अब भी 35 से 38 डिग्री के बीच दर्ज किया जा रहा है। मध्य प्रदेश में भी सर्दी का असर बढ़ रहा है। प्रदेश के 17 शहरों में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री से नीचे चला गया है। अमरकंटक और करौंदी में पारा 12 डिग्री से नीचे है। बिहार में सुबह और रात को हल्की ठंड महसूस हो रही है, जबकि दोपहर की धूप गर्मी बढ़ा रही है। जमुई, मुंगेर और बांका समेत पांच जिलों में बारिश का अलर्ट है।

दिल्ली की हवा सांस लेने लायक नहीं

मौसम के बदलाव के बीच दिल्ली में प्रदूषण की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। एम्स के आसपास बुधवार सुबह 6:30 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) 322 दर्ज किया गया, जो बहुत खराब श्रेणी में है। AQI का 301 से 400 के बीच होना हवा की बेहद खराब स्थिति दर्शाता है।

अगले दो दिन का पूर्वानुमान

12 नवंबर: जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में भारी बारिश का अलर्ट। तमिलनाडु और पुडुचेरी में आंधी-बारिश की चेतावनी।
13 नवंबर: जम्मू-कश्मीर में बारिश का यलो अलर्ट।

मॉर्निंग वॉक के दौरान बेहोश होकर गिरे पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़, AIIMS में भर्ती



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली। पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की बुधवार सुबह मॉर्निंग वॉक के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ गई। वे बेहोश होकर गिर पड़े। सुरक्षाकर्मी उन्हें पहले पीसीआर वाहन से घर लेकर पहुंचे। कुछ देर बाद तबीयत बिगड़ने पर एम्बुलेंस से दिल्ली स्थित एम्स ले जाया गया। 75 वर्षीय धनखड़ को एम्स के कार्डियो-न्यूरो सेंटर में भर्ती किया गया है, जहां कार्डियोलॉजी विभाग के डॉक्टर उनका उपचार कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार, धनखड़ कुछ मिनट तक बेहोश रहे थे। घर पहुंचने के बाद ।LBS की मेडिकल टीम और एम्स के डॉक्टर संदीप सेठ ने उनकी जांच की। इसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाने का निर्णय किया गया। फिलहाल उनकी स्वास्थ्य स्थिति को लेकर विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। एम्स प्रशासन की ओर से भी आधिकारिक मेडिकल बुलेटिन जारी नहीं किया गया है।

मार्च 2025 में भी बिगड़ी थी तबीयत

धनखड़ को इससे पहले मार्च 2025 में भी चक्कर आने और घबराहट की शिकायत के बाद दिल्ली एम्स में भर्ती कराया गया था। उस दौरान सीने में जकड़न महसूस होने पर डॉक्टरों ने उनकी एंजियोग्राफी की और स्टेंट डाला था। धनखड़ अगस्त 2022 से जुलाई 2025 तक देश के 14वें उपराष्ट्रपति रहे थे। उन्होंने जुलाई 2025 में पद से इस्तीफा दे दिया था।

बोर्डिंग के बाद भी नहीं उड़ा विमान, दो घंटे इंतजार के बाद अकासा की फ्लाइट रद्द



24 न्यूज अपडेट

जयपुर। जयपुर एयरपोर्ट पर बुधवार को तीन फ्लाइट रद्द होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। अकासा एयर की जयपुर-मुंबई फ्लाइट QP-1154 में बोर्डिंग पूरी होने के बाद तकनीकी खराबी सामने आई। विमान को पहले दोपहर 12 बजे रवाना होना था, लेकिन खराबी के चलते उड़ान का समय दोपहर 2 बजे तक बढ़ा दिया गया। करीब दो घंटे तक तकनीकी समस्या दूर करने के प्रयास हुए, लेकिन सफलता नहीं मिलने पर फ्लाइट रद्द कर दी गई। सुरक्षा के मद्देनजर यात्रियों को विमान से उतार दिया गया।

इसके अलावा जयपुर से मुंबई जाने वाली स्पाइसजेट की फ्लाइट SG-702 (शाम 6:05 बजे) और जयपुर से नोएडा जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6E-7642 भी संचालन संबंधी कारणों से रद्द रहीं। लगातार तीन उड़ानें रद्द होने से यात्रियों की आगे की यात्रा और तय कार्यक्रम प्रभावित हुए।

दस साल में कैंसर और अल्जाइमर का इलाज खोज लेगा AI? एंथ्रोपिक CEO के दावे पर वैज्ञानिकों ने उठाए सवाल

24 न्यूज अपडेट



नई दिल्ली। AI की दुनिया में तेजी से हो रही तरक्की के बीच एंथ्रोपिक के CEO डारियो अमोदेई ने दावा किया है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अगले एक दशक में कैंसर, अल्जाइमर और दिल की बीमारियों जैसी गंभीर चुनौतियों का समाधान खोज सकता है। उनका कहना है कि AI की मदद से इंसान उन बीमारियों पर भी काबू पा सकेगा, जिनसे वह हजारों साल से जूझ रहा है। हालांकि, फार्मा उद्योग और वैज्ञानिकों ने इस दावे को अतिशयोक्तिपूर्ण बताते हुए सवाल उठाए हैं।

दस साल का शोध कुछ हफ्तों में संभव

गूगल के AI प्रमुख डेमिस हासबिस और एलन मस्क भी चिकित्सा क्षेत्र में AI की बड़ी भूमिका की उम्मीद जता चुके हैं। हासबिस के अनुसार, AI दवाओं की खोज में लगने वाले वर्षों के काम को कुछ हफ्तों में पूरा करने की क्षमता रखता है। उन्होंने गूगल के AI टूल अल्फाफोल्ड का उदाहरण दिया, जिसने 20 करोड़ से अधिक प्रोटीन संरचनाओं की पहचान की है। इससे दवाओं पर शोध के नए रास्ते खुले हैं। दिग्गज दवा कंपनी वर्टेक्स फार्मास्युटिकल्स के प्रमुख जेफ लेडन ने AI से जल्द बीमारियां खत्म होने के दावों को बकवास बताया है। उनके मुताबिक, कंपनी ने 50 से अधिक AI कंपनियों के साथ काम आजमाया, लेकिन कोई भी अपने दम पर उपयोगी दवा विकसित नहीं कर पाई। विशेषज्ञों का कहना है कि AI से दवा का संभावित फॉर्मूला तलाशना केवल शुरुआती चरण है। इसके बाद प्रयोगशाला परीक्षण, जानवरों पर अध्ययन और इंसानों पर क्लिनिकल ट्रायल जैसी लंबी प्रक्रियाएं पूरी करनी होती हैं। किसी दवा को बाजार तक पहुंचने में 10 से 12 साल लग सकते हैं। AI इन वैज्ञानिक और नियामकीय प्रक्रियाओं को रातोंरात खत्म नहीं कर सकता। वैज्ञानिक गैरी मार्कस और डॉ. एरिक टोपोल सहित कई विशेषज्ञों का मानना है कि मौजूदा AI अभी इंसानी शरीर और बीमारियों की जटिलताओं को पूरी तरह नहीं समझता। ऐसे में AI से चिकित्सा अनुसंधान को गति मिलने की उम्मीद जरूर है, लेकिन अगले दस साल में कैंसर और अल्जाइमर जैसी बीमारियों के खत्म होने का दावा फिलहाल पुख्ता वैज्ञानिक निष्कर्ष नहीं है।

अमूल और मदर डेयरी का दूध 4 रुपए तक महंगा, नई दरें कल से

24 न्यूज अपडेट

जयपुर। अमूल और मदर डेयरी ने दूध की कीमतों में 2 से 4 रुपए प्रति लीटर तक बढ़ोतरी की है। नई दरें 12 नवंबर, गुरुवार से लागू होंगी। अमूल गोल्ड की कीमत 70 रुपए से बढ़कर 74 रुपए प्रति लीटर हो गई है, जबकि अमूल फ्रेश अब 57 रुपए के बजाय 59 रुपए प्रति लीटर मिलेगा। मदर डेयरी ने भी अपने अलग-अलग वेरिएंट के दाम बढ़ाए हैं। न्यूज एजेंसी पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से बताया कि किसानों से दूध खरीदने की लागत में लगातार बढ़ोतरी के कारण कंपनी ने कीमतें बढ़ाने का फैसला किया है। खरीद और अन्य खर्च बढ़ने से कंपनी पर आर्थिक दबाव था, जिसका कुछ हिस्सा अब ग्राहकों पर डाला गया है। दोनों कंपनियों ने इससे पहले 14 मई 2026 को दूध के दाम बढ़ाए थे। इससे पहले अप्रैल 2025 में कीमतों में बदलाव किया गया था।

जानिए दूध के अलग-अलग वेरिएंट

- फुल क्रीम: इसमें कम से कम 6 प्रतिशत फैट होता है। यह अधिक गाढ़ा होता है।
- टोंड मिल्क: इसमें फैट की मात्रा करीब 3 प्रतिशत होती है।
- डबल टोंड: इसमें लगभग 1.5 प्रतिशत फैट होता है।
- बल्क टोंड: मदर डेयरी के वेंडिंग बूथ पर पाउच के बिना मिलने वाला टोंड दूध।

कुलगाम में सीआरीपीएफ कैंप पर बाइक सवार हमलावरों की ताबड़तोड़ फायरिंग, तीन जवान घायल

24 न्यूज अपडेट



श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में बुधवार दोपहर बाइक सवार अज्ञात हमलावरों ने CRPF जवानों को निशाना बनाया। अखरान कैंप के पास नाका ड्यूटी पर तैनात जवानों पर अचानक फायरिंग कर दी। हमले में तीन जवान घायल हो गए, जिन्हें अनंतनाग के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना दोपहर करीब 2:15 बजे की बताई जा रही है। वायरल CCTV फुटेज में हमलावर महज 15 सेकेंड में करीब 30 राउंड फायरिंग करते नजर आ रहे हैं। घायल जवानों की पहचान हेड कांस्टेबल सोमवीर और कांस्टेबल संतानो व राकेश दास के रूप में हुई है। तीनों CRPF की 46वीं बटालियन में तैनात हैं। एक जवान के पैर, दूसरे के हाथ और तीसरे की पीठ में गोली लगी है। फायरिंग के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। वाहनों की जांच और सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी कर दी गई है। CRPF के आईजी ने अनंतनाग पहुंचकर घायल जवानों का हाल जाना। हमले के बाद गृह मंत्रालय में उच्चस्तरीय बैठक भी हुई, जिसमें CRPF के डीजी अधिकारियों को घटना की जानकारी दे रहे हैं। कुलगाम दक्षिण कश्मीर का संवेदनशील क्षेत्र है, जहां पहले भी आतंकी गतिविधियां सामने आती रही हैं। फिलहाल हमलावरों की पहचान और तलाश के प्रयास जारी हैं।


संपादकीय : संकट का तापमान

अगर किसी समस्या का कारण ज्ञात नहीं हो और उसका स्वरूप जटिल होता जाए, तो उसके संदर्भों को समझा जा सकता है। मगर इससे बड़ी विडंबना क्या होगी कि जलवायु परिवर्तन और बढ़ते वैश्विक ताप के मसले पर दुनिया लंबे समय से चिंता जता रही है, उसके कारणों पर दशकों से बात हो रही है, इसके समाधान के रास्तों की तस्वीर भी साफ है, मगर स्थिति दिनोंदिन बिगड़ती जा रही है। खासतौर पर धनी और विकसित देशों में जलवायु परिवर्तन और उसकी वजहों को लेकर चिंता जताई जाती है, लेकिन उससे निपटने के मामले में गंभीरता नहीं दिखती। यह बेवजह नहीं है कि वैश्विक ताप का असर अब हर जगह स्पष्ट होकर सामने आने लगा है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन की एक ताजा रपट के मुताबिक वर्ष 2026 को ज्ञात मौसम इतिहास के चार सबसे गर्म वर्षों में से एक बताया गया है। गौरतलब है कि इस वर्ष जनवरी से सितंबर के बीच की अवधि में वैश्विक औसत तापमान पूर्व औद्योगिक काल के मुकाबले 1.47 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। हालांकि 2026 में तापमान में बढ़ोतरी की एक अहम वजह अल-नीनो के प्रभाव को बताया जा रहा है, जो बीते अगस्त से लगातार जोर पकड़ रहा है और दिसंबर तक इसके सबसे शक्तिशाली स्तर पर पहुंचने की आशंका है। मगर मौसम में इस तरह के उतार-चढ़ाव का सिरा भी वास्तव में उन्हीं कारकों से जुड़ा है, जिसे दुनिया भर में विकास के नाम पर बढ़ावा दिया जा रहा है। यह छिपा नहीं है कि तापमान में बढ़ोतरी और फिर उसकी वजह से मौसम में उथल-पुथल का एक चक्र बनता है, जिसमें सभी कड़ियां एक दूसरे से जुड़ी होती हैं। मगर जब इसके लिए जिम्मेदार कारकों में मानवीय गतिविधियों और विकास की कसौटियों की बात आती है, तो पर्यावरण का सवाल हाशिये पर चला जाता है। वैश्विक ताप या जलवायु परिवर्तन के लिए सबसे मुख्य जिम्मेदार कार्बन उत्सर्जन को ठहराया जाता है। मगर सबसे ज्यादा कार्बन उत्सर्जन करने वाले विकसित देश आमतौर पर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेते हैं और इस मामले में पहलकदमी के साथ निर्वाह का दायित्व विकासशील देशों पर डाल देते हैं। यों पिछले कुछ समय से वैश्विक दक्षिण यानी विकासशील देशों की ओर से यह सवाल उठाया गया है कि जब तक समृद्ध और विकसित देश वैश्विक ताप के मसले पर बराबर की सहभागिता के लिए कदम नहीं बढ़ाते, तब तक इस समस्या के जाल से बाहर आना मुश्किल होगा। दरअसल, कहीं विकास के नाम पर जारी गतिविधियों, तो कहीं सांस्कृतिक पर्व-त्योहारों के मौके पर जिस तरह पर्यावरण पर संकट की फिक्र को हवा में उड़ाया जाता रहता है, उससे साफ है कि आबोहवा को लेकर हम वास्तव में चिंतित नहीं हैं, भले इसका खमियाजा भी हमें उठाना पड़ता है। वह चाहे नए साल के आगमन का मौका हो या कई समुदायों के अपने-अपने पर्व-त्योहार, उसमें मुख्य रूप से आतिशबाजी सहित अन्य अनेक ऐसी गतिविधियां होती हैं, जिनसे होने वाला प्रदूषण आखिर समूची दुनिया के लिए घातक साबित होता है। विचित्र यह है कि वैश्विक ताप और जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याओं को दूर करने के लिए जो आयोजन होते रहते हैं, खुद उसमें ही जीवाश्म ईंधन के बेलगाम उपयोग के मसले की अनदेखी होती है। संकट के प्रति दिखने वाली चिंता और उसके कारणों को नजरअंदाज करने के बीच आखिर कैसी स्थिति बनेगी ? ध्यान रखने की जरूरत है कि मौसम का गर्म रहना इसका सिर्फ एक प्रभाव है, दुनिया को इसके अलग-अलग असर का सामना करना पड़ सकता है।

विवाद बनाम विवेक

एक सभ्य और विवेकवान समाज में अगर कभी किसी मसले पर विवाद की स्थिति बनती है, तो दोनों पक्ष उसे आपसी संवाद के जरिए हल कर लेते हैं और बात को सिर्फ एक तात्कालिक उतार-चढ़ाव के रूप में देखते हैं। मगर हाल के वर्षों में शहरों - महानगरों में आम जनजीवन में जिस तरह के तनाव घुलते देखे जाने लगे हैं, कई बार उनका कोई बड़ा आधार नहीं होता, लेकिन उनका अंत बेहद त्रासद होता है। इससे विचित्र और अफवेसजनक क्या होगा कि एक बेहद मामूली और अनदेखी करने लायक बात पर दो पक्षों के बीच तनाव सारी हदें पार कर हिंसक रुख अख्तियार कर लेता है और नाहक ही किसी की जान चली जाती है। देश भर में अक्सर ऐसी घटनाएं सामने आती रहती हैं, जिनमें बहुत छोटी बात पर मारपीट या हत्या भी हो जाती है। हाल ही में हरियाणा के फरीदाबाद में एक व्यक्ति ने अपनी निर्धारित पार्किंग की जगह पर खड़ी कार को हटाने के लिए पड़ोसी को कहा। इस मामूली सी बात से उपजे विवाद के बाद आरोपी इतना बेलगाम हो गया कि उसने बिना सोचे-समझे गोलियां चलानी शुरू कर दीं, जिसमें उस व्यक्ति की जान चली गई। इस तरह, सिंगापुर से दिवाली का त्वेहार अपने परिवार के साथ मनाने फरीदाबाद आए व्यक्ति की जिंदगी एक बेमानी विवाद का शिकार हो गई। यह समझना मुश्किल है कि इतनी साधारण सी बात पर कोई इस कदर आपा कैसे खो दे सकता है कि वह किसी की हत्या कर दे। मगर विडंबना यह है कि आजकल आए दिन ऐसी घटनाएं सामने आने लगी हैं, जिनमें सड़क पर सिर्फ वाहन छू जाने या अन्य किसी बेहद मामूली बात पर बहस हो जाने के बाद एक या फिर दोनों पक्ष अपना आपा खो देते हैं। हैरानी की बात यह भी है कि हिंसक टकराव में शामिल होते हुए लोग एक बार भी नहीं सोचते कि उसमें नाहक ही किसी की जान जा सकती है और उसके आरोपी को अपना जीवन कानून की गिरफ्त में काटना पड़ सकता है। ऐसा लगता है कि लोगों में धैर्य से कोई बात सुनने और उसे समझ कर प्रतिक्रिया देने का विवेक खत्म होता जा रहा है। यह अफसोसनाक स्थिति आज की हकीकत बनती जा रही है, जिस पर सबको विचार करने की जरूरत है।

एफएमजीई का रिजल्ट रहा 22.87 प्रतिशत, 5365 अभ्यर्थी 10 अंक तक से चूके



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 10 नवंबर। विदेश से मेडिकल की पढ़ाई कर भारत में डॉक्टर के रूप में प्रैक्टिस करने का रास्ता आसान नहीं है। फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जामिनेशन (एफएमजीई) के अक्टूबर-2026 सत्र के नतीजों में सफलता का आंकड़ा महज 22.87 प्रतिशत रहा। परीक्षा में शामिल 40,923 अभ्यर्थियों में से सिर्फ 9,354 ही निर्धारित कटऑफ पार कर पाए। यानी करीब 77 प्रतिशत अभ्यर्थी परीक्षा में सफल नहीं हो सके। नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज (एनबीईएमएस) ने 10 नवंबर को परिणाम घोषित किया। करियर काउंसलर विकास छाजेड़ के अनुसार, इस वर्ष से एफएमजीई साल में दो के बजाय तीन बार आयोजित करने की व्यवस्था शुरू की गई है। 31 अक्टूबर को पहली बार अक्टूबर सत्र में परीक्षा हुई थी। इसमें 1,190 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे, जबकि फेस आईडी या दस्तावेजों के सत्यापन की प्रक्रिया लंबित होने से 30 अभ्यर्थियों का परिणाम रोक दिया गया है।

10 अंक तक से चूके 5,365 अभ्यर्थी

परीक्षा में सफल होने के लिए 300 में से न्यूनतम 150 अंक हासिल करना जरूरी था। 5,365 अभ्यर्थियों के अंक 140 से 149 के बीच रहे। यानी ये अभ्यर्थी पास होने के लिए जरूरी अंक से अधिकतम 10 अंक तक पीछे रह गए। एनबीईएमएस ने तकनीकी रूप से गलत पाए गए प्रश्नों के अंक सभी उपस्थित अभ्यर्थियों को दिए हैं। जिन प्रश्नों के दो उत्तर सही माने गए, उनमें किसी भी मान्य विकल्प को चुनने वालों को अंक प्रदान किए गए।

20 नवंबर से डाउनलोड होंगे स्कोर कार्ड

अभ्यर्थी 20 नवंबर 2026 से एनबीईएमएस की आधिकारिक वेबसाइट पर अपना व्यक्तिगत स्कोर कार्ड डाउनलोड कर सकेंगे। यह जारी होने की तारीख से छह महीने तक उपलब्ध रहेगा। सफल अभ्यर्थियों को एफएमजीई पास प्रमाण पत्र हासिल करने के लिए व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर पहचान और दस्तावेजों का सत्यापन करवाना होगा। केवल ऑनलाइन स्कोर कार्ड के आधार पर राज्य मेडिकल काउंसिल में पंजीकरण नहीं कराया जा सकेगा। उल्लेखनीय है कि विदेश से मेडिकल डिग्री हासिल करने वाले भारतीय अभ्यर्थियों को देश में चिकित्सा पेशे में प्रवेश की पात्रता पाने के लिए एफएमजीई परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। परिणाम और अन्य जानकारी एनबीईएमएस की वेबसाइट NATBOARD.EDU.IN पर उपलब्ध है।

स्वच्छता सर्वेक्षण में जयपुर को राज्य स्तर पर पहला स्थान, राष्ट्रीय टॉप-3 से बाहर



24 न्यूज अपडेट

जयपुर। स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के नतीजों में राजस्थान का कोई भी शहर राष्ट्रीय स्तर पर किसी श्रेणी के शीर्ष तीन स्थानों में जगह नहीं बना पाया। हालांकि, जयपुर को राज्य स्तर पर 'स्टेट फर्स्ट ऑफ स्वच्छ सिटी' अवॉर्ड से नवाजा गया। बुधवार को दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा, जयपुर के महापौर सुनील कोठारी और नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा को यह सम्मान प्रदान किया। खास बात यह है कि 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की राष्ट्रीय श्रेणी में जयपुर इस बार टॉप-3 तो दूर, शीर्ष स्थानों में भी जगह नहीं बना सका। पिछले सर्वेक्षण 2024-25 में जयपुर ग्रेटर 16वें और जयपुर हेरिटेज 20वें स्थान पर रहा था। दोनों निगमों को थ्री-स्टार रेटिंग भी मिली थी। इस बार दोनों नगर निगमों के एकीकरण के बाद जयपुर ने संयुक्त शहर के रूप में सर्वेक्षण में हिस्सा लिया। नगर निगम की ओर से सफाई व्यवस्था सुधारने, विशेष अभियान चलाने और नागरिकों की भागीदारी बढ़ाने के प्रयास किए गए थे। इसके बावजूद राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष तीन में जगह नहीं मिलना शहर की स्वच्छता व्यवस्था के प्रदर्शन को लेकर सवाल खड़े करता है। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने पुरस्कार समारोह के लिए राज्यों के मुख्य सचिवों को पत्र भेजकर चयनित शहरों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया था। जयपुर को मिला राज्य स्तरीय सम्मान प्रदेश के लिए उपलब्धि है, लेकिन राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में बेहतर प्रदर्शन की चुनौती अब भी बनी हुई है।

अमेरिका से लौटे एसीएस शिखर अग्रवाल, कार्मिक विभाग में दी जॉइनिंग



24 न्यूज अपडेट

जयपुर। एक ही कंपनी से 40 विला-कॉटेज खरीदकर उन्हें वापस उसी कंपनी को लीज पर देने के मामले में विवादों में आए वरिष्ठ आईएएस अधिकारी शिखर अग्रवाल अमेरिका से लौट आए हैं। 11 नवंबर तक अवकाश पर रहे अग्रवाल ने जयपुर पहुंचकर कार्मिक विभाग में जॉइनिंग दी है। उनके लौटने के बाद अब एसीबी की प्रारंभिक जांच में तेजी आने की संभावना है। सरकार ने 29 अक्टूबर को उन्हें सभी पदों से हटाकर एपीओ कर दिया था। उनकी पत्नी आईपीएस अधिकारी प्रशाखा माथुर को भी 31 अक्टूबर को एपीओ किया गया था। एसीबी मामले में प्रारंभिक जांच दर्ज कर चुकी है और विला-कॉटेज बनाने वाली कंपनी गोयल फैशंस प्राइवेट लिमिटेड से रिकॉर्ड तलब किए जा चुके हैं। अब अग्रवाल को पूछताछ के लिए बुलाने की तैयारी है। मामले के अनुसार, अग्रवाल, उनकी पत्नी और परिवार ने कंपनी से अलवर के अजबगढ़ में 20 विला और उदयपुर के बुझड़ा में 20 कॉटेज खरीदे थे। इनकी कुल खरीद कीमत 6.16 करोड़ रुपए से अधिक बताई गई है। खरीद के बाद सभी संपत्तियां उसी कंपनी को लीज पर दे दी गईं। इससे सालाना करीब 1.80 करोड़ रुपए किराया मिलने का दावा है। 27 मार्च 2025 को जिस दिन अग्रवाल ने अलवर के 20 विला की रजिस्ट्री कराई, उसी दिन वित्त विभाग ने गोयल फैशंस को राजस्थान निवेश प्रोत्साहन नीति के तहत विशेष रियायती आर्थिक पैकेज देने के आदेश जारी किए थे। कंपनी को टैक्स छूट और कर्मचारियों के वेतन पर सब्सिडी जैसे लाभ दिए जाने का प्रावधान था। एसीबी की प्रारंभिक जांच में पद के प्रभाव के दुरुपयोग, कंपनी को अनुचित लाभ पहुंचाने और सरकारी खजाने को नुकसान होने के आरोपों की पड़ताल की जा रही है। वहीं, संपत्तियों के ब्यौरे को लेकर प्रॉपर्टी रिटर्न में जानकारी नहीं होने का मामला भी सामने आया है। अग्रवाल की ओर से पूरा विवरण देने का दावा किया गया था। फिलहाल आरोपों की जांच जारी है।

2668 वोटों से जीतकर देऊ कुमारी जाट ने बनाया रिकॉर्ड



24 न्यूज अपडेट

निम्बाहेड़ा (कविता पारख)। चित्तौड़गढ़ विधानसभा क्षेत्र की बड़ी ग्राम पंचायत सावा में सरपंच चुनाव का नतीजा खासा चर्चा में है। नवनिर्वाचित सरपंच देऊ कुमारी प्रकाश जाट ने 2668 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। उन्हें कुल 4277 वोट मिले। इस अंतर को प्रदेश के पंचायती राज चुनाव में अब तक की सबसे बड़ी जीत बताया जा रहा है। मतगणना के बाद जीत का ऐलान होते ही सावा में जश्न शुरू हो गया। दीपावली के मौके पर समर्थकों ने गांव में बधाई संदेशों वाले बैनर लगाए। देऊ कुमारी के साथ उनके पति प्रकाश जाट, जिन्हें क्षेत्र में राजा भैया के नाम से जाना जाता है, को भी सरपंच प्रतिनिधि के रूप में बधाइयां दी जा रही हैं। ग्रामीणों ने इस जीत को गांव की एकजुटता और विकास की उम्मीदों से जोड़ा है। देऊ कुमारी को शिक्षित, सरल और सेवाभावी बताते हुए ग्रामीणों ने कहा कि जनता ने विकास के भरोसे उन्हें चुना है। प्रकाश जाट ने जीत का श्रेय मतदाताओं को देते हुए कहा कि 4277 वोटों का समर्थन उनकी जिम्मेदारी बढ़ाता है। उनका लक्ष्य सावा को आदर्श ग्राम पंचायत बनाना है। 2668 मतों के अंतर से मिली इस जीत ने सावा को प्रदेशभर में चर्चा में ला दिया है।

राज्य सब जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता में उतरेगी उदयपुर की बालक-बालिका टीमें



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। अलवर के इंदिरा गांधी स्टेडियम में 12 से 15 नवंबर तक होने वाली 36वीं राजस्थान राज्य सब जूनियर बालक एवं बालिका कबड्डी प्रतियोगिता के लिए उदयपुर की दोनों टीमों की घोषणा कर दी गई है। जिला कबड्डी संघ के सचिव मुकेश जैन ने बताया कि बालक टीम की कप्तानी राहुल रेबारी को सौंपी गई है, जबकि बालिका टीम का नेतृत्व उमा गाडरी करेंगी। बालक वर्ग की टीम में राहुल रेबारी (कप्तान), ध्रुव प्रताप, गोविंद जणवा, जितेश कुमार जाट, मनीष जाट, पीयूष, विकास पटेल, अर्जुन जणवा, अर्जुन गाडरी, सुनील अहीर, मनीष कुमार, जीतू सिंह और भावेश खटीक शामिल हैं। टीम मैनेजर हर्ष राज गुर्जर और कोच गोपाल पूर्बिया होंगे। बालिका टीम में उमा गाडरी (कप्तान), प्रीति, दिव्या जाट, केसर मेघवाल, यशस्वी जाट, कृष्णा जाट, किंजल, पिंकी खटीक, ईशिता, लक्षिता, धारा लोहार और एकता भील को जगह मिली है। टीम की मैनेजर मुंशी मोहम्मद और कोच सविता जाट होंगी। आयोजन सचिव जालम चंद जैन ने बताया कि टीम प्रतियोगिता में उदयपुर का प्रतिनिधित्व करेगी। जिला कबड्डी संघ अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह खनूजा, कोषाध्यक्ष रोशन डांगी, जिला ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष डॉ. दिलीप सिंह चौहान, उपाध्यक्ष सत्यनारायण सिंह गहलोत और संयुक्त सचिव श्याम सुंदर शर्मा ने खिलाड़ियों एवं टीम अधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

वार्ड 72 में स्वच्छता सेवकों का उपरणा ओढ़ाकर और मिठाई भेंट कर किया सम्मान



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। शहर की खूबसूरती और स्वच्छता के पीछे दिन-रात मेहनत करने वाले स्वच्छता सेवकों का बुधवार को वार्ड 72 के माधव कॉलोनी, कालकामाता रोड क्षेत्र में सम्मान किया गया। भाजपा शहर जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़ और पार्षद नरेश वैष्णव ने स्वच्छता सेवकों को उपरणा ओढ़ाकर और मिठाई भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर गजपाल सिंह राठौड़ ने कहा कि उदयपुर की पहचान पर्यटन नगरी के रूप में बनी है तो इसमें स्वच्छता सेवकों की मेहनत की बड़ी भूमिका है। सुबह से देर रात तक, मौसम और त्योहारों की परवाह किए बिना ये शहर को साफ रखने में जुटे रहते हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सफाईकर्मियों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का सामूहिक दायित्व है। शहर को स्वच्छ बनाए रखने में आमजन को भी अपनी भागीदारी निभानी होगी। पार्षद नरेश वैष्णव ने कहा कि वार्ड को साफ और सुंदर बनाए रखने में स्वच्छता सेवकों का योगदान सराहनीय है। इस दौरान पूर्व पार्षद रामलाल वैष्णव, कृष्णकांत कुमावत, रोहित जोशी, नितिन जैन, भरत वैष्णव, भरत मेघवाल सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

कोलकाता-सैरांग एक्सप्रेस का इंजन और पांच कोच पटरी से उतरे, रेलवे ने कहा- सभी यात्री सुरक्षित

असम के दीगारू स्टेशन पर सुबह 6:54 बजे हादसा; यात्रियों को विशेष ट्रेन से सैरांग भेजा, दोनों मुख्य रेल लाइनें बहाल



24 न्यूज अपडेट

असम। कोलकाता-सैरांग एक्सप्रेस बुधवार सुबह असम के कामरूप जिले में दीगारू रेलवे स्टेशन पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। ट्रेन का इंजन और पांच कोच पटरी से उतर गए। हादसा सुबह करीब 6:54 बजे उस समय हुआ, जब ट्रेन को दूसरी ट्रेन को प्राथमिकता देने के लिए स्टेशन पर रिसीव किया जा रहा था। रेलवे ने आधिकारिक बयान में सभी यात्रियों के सुरक्षित होने और किसी के घायल नहीं होने की जानकारी दी है।

पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के अनुसार, हादसे के तुरंत बाद राहत और बहाली का काम शुरू कर दिया गया। महाप्रबंधक सहित वरिष्ठ रेलवे अधिकारी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। ट्रेन में फंसे यात्रियों को सुरक्षित निकालकर उनके गंतव्य सैरांग भेजने की व्यवस्था की गई। इसके लिए विशेष ट्रेन चलाई गई, जो सुबह 11:40 बजे दीगारू से रवाना हुई।

रेलवे ने बताया कि दीगारू स्टेशन की अप और डाउन, दोनों मुख्य रेल लाइनें बहाल कर दी गई हैं और उन पर सामान्य ट्रेन परिचालन शुरू हो चुका है। पटरी से उतरे कोचों को दोबारा पटरी पर चढ़ाने का काम जारी है।

हालांकि, हादसे के बाद स्थानीय लोगों के हवाले से करीब 50 यात्रियों के घायल होने की सूचना सामने आई थी। रेलवे ने इससे अलग आधिकारिक तौर पर किसी के घायल नहीं होने की बात कही है। ऐसे में घायलों को लेकर शुरुआती सूचनाओं और रेलवे के बयान में अंतर रहा।

हादसे के बाद लोको पायलट के कैबिन का करीब 45 सेकंड का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसमें लोको पायलट को यह कहते सुना जा रहा है कि सिग्नल रेड हैं और इमरजेंसी सहित कुछ भी काम नहीं कर रहा। वह एस-9 और ए-9 सिस्टम का भी जिक्र करता सुनाई देता है। हालांकि, इस वीडियो की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। रेलवे ने यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता बताते हुए बहाली कार्य पर निगरानी जारी रखने की बात कही है।

बेकाबू बलेनो दुकान की तीन सीढ़ियां चढ़कर अंदर घुसी, दो बाइक भी चपेट में आईं



24न्यूज अपडेट

राजसमंद। कांकरोली के 60 फीट रोड मुख्य बाजार में बुधवार को तेज रफ्तार कार ने जमकर तबाही मचाई। अनियंत्रित बलेनो सड़क किनारे खड़ी दो बाइकों को टक्कर मारते हुए परचूनी की दुकान में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार दुकान की तीन सीढ़ियां चढ़कर अंदर तक पहुंच गई। हादसे में दोनों बाइक क्षतिग्रस्त हो गईं, वहीं दुकान में रखा सामान भी टूट गया। गनीमत रही कि उस समय वहां से गुजर रहा कोई राहगीर या वाहन चालक कार की चपेट में नहीं आया। हादसे के बाद बाजार में अफरा-तफरी मच गई। आसपास के दुकानदार और लोग मौके पर जमा हो गए। सूचना पर कांकरोली थाना पुलिस पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। थाना इंचार्ज सरोज बैरवा के अनुसार, प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि कार एक नाबालिग चला रहा था। पुलिस ने उसे डिटेन कर थाने पहुंचाया। इसके बाद क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त कार और बाइकों को हटवाकर कब्जे में लिया गया। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

पहाड़ियों में छिपाकर उगा रहे थे गांजा, पुलिस ने 779 किलो से ज्यादा पौधे उखाड़े, चार थानों की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। अरावली की पहाड़ियों में दुर्गम इलाकों का फायदा उठाकर की जा रही गांजे की अवैध खेती का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। माण्डवा थाना क्षेत्र के खारा कुपिया गांव की पहाड़ियों में पुलिस की संयुक्त टीम ने सर्च ऑपरेशन चलाकर गांजे के हरे पौधों की बड़ी खेप पकड़ी। मौके से उखाड़कर जब्त किए गए पौधों का वजन 779 किलो 790 ग्राम निकला। कार्रवाई के बाद इलाके में मादक पदार्थों की अवैध खेती को लेकर पुलिस की निगरानी और सख्त होने के संकेत हैं। पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय मुकुल शर्मा और कोटड़ा वृत्ताधिकारी डूंगर सिंह के सुपरविजन में माण्डवा, पानरवा, कोटड़ा और बेकरिया थानों की संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने माण्डवा थाना सर्कल के मौजा खारा कुपिया स्थित पहाड़ी क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान पहाड़ी इलाके में गांजे के पौधे उगाए जाने का पता चला। पुलिस ने मौके पर ही पौधों को उखाड़कर जब्त कर लिया।

तीन आरोपियों के नाम पर अलग-अलग मुकदमे पुलिस ने इस मामले में तीन अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए हैं। प्रकरण संख्या 97/ 2026 में कनिया पुत्र उदा, 98/ 2026 में कपुरिया पुत्र उदा और 99/ 2026 में साहिबा पुत्र उदा निवासी खारा कुपिया को आरोपी बनाया गया है। तीनों मामलों में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/ 20 के तहत कार्रवाई की गई है। संयुक्त कार्रवाई में पानरवा थानाधिकारी साबिर खान, माण्डवा थानाधिकारी मूंगलाराम, कोटड़ा थाने के उप निरीक्षक वखतराम सहित चारों थानों की पुलिस टीम शामिल रही। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि गांजे की खेती कितने क्षेत्र में की जा रही थी और इसके पीछे अन्य लोग भी शामिल हैं या नहीं। तीनों प्रकरणों में अग्रिम अनुसंधान जारी है।

नशे की कमाई से बनाया 3.92 करोड़ का मकान, पुलिस ने संपत्ति की फ्रीज



24 न्यूज अपडेट

प्रतापगढ़। मादक पदार्थ तस्करी से अर्जित संपत्ति पर कार्रवाई करते हुए प्रतापगढ़ पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत आरोपी रसीद खान की करीब 3.92 करोड़ रुपए की संपत्ति फ्रीज की है। इसमें गांव देवल्दी स्थित दो मंजिला आलीशान मकान, चारदीवारी सहित जमीन और दो मोटरसाइकिलें शामिल हैं। एनडीपीएस एक्ट की धारा 68-F(1) के तहत सक्षम प्राधिकारी, नई दिल्ली ने 9 नवंबर को आदेश को मंजूरी दी। इसके बाद 11 नवंबर को अरनोद थाना पुलिस ने संपत्तियों पर सूचना बोर्ड लगाए। पुलिस के अनुसार, गुजरात के गांधीनगर में 5 अगस्त 2025 को पकड़ी गई 117.690 ग्राम एमडी और 49.890 ग्राम गांजे की खेप का मुख्य सप्लायर रसीद खान था। उसे 21 मई 2026 को गिरफ्तार किया गया था। फिलहाल वह साबरमती सेंट्रल जेल में बंद है। प्रतापगढ़ थाने में दर्ज एक अन्य मामले में भी उसके खिलाफ 96 ग्राम एमडी और 150 ग्राम केमिकल (टांका) जब्त किया गया था। इस मामले में उस पर पांच हजार रुपए का इनाम घोषित है। पुलिस की जांच में सामने आया कि आरोपी ने कथित तौर पर तस्करी की कमाई से मकान बनवाया और परिचितों के नाम पर दो मोटरसाइकिलें खरीदीं। मकान का अनुमानित मूल्य 3.90 करोड़ और दोनों बाइक की कीमत करीब दो लाख रुपए है। पुलिस अधीक्षक विशाल जांगिड़ के निर्देशन में अरनोद थानाधिकारी शिवलाल मीणा की टीम ने वित्तीय अनुसंधान कर यह कार्रवाई की।

दरगाह से 14.96 लाख की चोरी में पांच दोषियों को तीन-तीन साल की सजा

24 न्यूज अपडेट

निम्बाहेडा (कविता पारख)। मध्यप्रदेश के रामपुरा स्थित बाबा मुल्ला खान साहब की दरगाह से दानपेटी तोड़कर करीब 14.96 लाख रुपए चुराने के सात साल पुराने मामले में न्यायालय ने पांच आरोपियों को तीन-तीन वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी रौनक पाटीदार ने दो आरोपियों पिंटू उर्फ प्रकाश और कैलाश को चोरी तथा सेंधमारी के मामले में एक-एक हजार रुपए जुर्माना भी लगाया। वहीं, चोरी की रकम रखने और इस्तेमाल करने वाले नरेंद्र, शुभम और मुकेश को धारा 411 में तीन-तीन साल की सजा व दो-दो हजार रुपए जुर्माने से दंडित किया। घटना 28 जनवरी 2019 की रात की है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान हुई थी। पुलिस ने आरोपियों से नकदी और अन्य संपत्ति बरामद की थी। शासन ने मामले को जघन्य एवं सनसनीखेज प्रकरण के रूप में चिह्नित किया था।

तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से युवक की मौत, चालक के खिलाफ मामला दर्ज

उदयपुर। मांडवा थाना क्षेत्र के माताघाटी मोड़ पर तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। पुलिस के अनुसार भियाटा निवासी माधु खैर ने रिपोर्ट दी कि उनके पुत्र हामिया और नरसा माताघाटी मोड़ से पैदल अपनी साइड में भियाटा जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए वाहन आरजे 23 यूए 5676 के चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बीएनएस की धारा 281 और 106(1) के तहत प्रकरण दर्ज किया है। जांच दिनेश कुमार सहायक उपनिरीक्षक कर रहे हैं।

पेट्रोल पंप पर वकील और साथियों से मारपीट

उदयपुर। गोवर्धन विलास थाना क्षेत्र के बलीचा स्थित पेट्रोल पंप पर वकील और उनके साथियों के साथ गाली-गलौज व मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। सेक्टर-14 निवासी अधिवक्ता अनिल जाखड़ ने रिपोर्ट में बताया कि 9 नवंबर की रात करीब 9:05 बजे पेट्रोल पंप स्टेशन बलीचा पर अज्ञात आरोपियों ने उनके और उनके मित्रों के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। घटना के बाद उन्होंने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने बीएनएस की धारा 115(2), 119(1), 126(2) और 3(5) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अनुसंधान अर्जुनलाल उपनिरीक्षक कर रहे हैं।

युवक को बहला-फुसलाकर कार में बैठाकर ले जाने का आरोप

उदयपुर। कुराबड़ थाना क्षेत्र के बंबोरा में एक युवक को बहला-फुसलाकर कार में बैठाकर ले जाने का मामला सामने आया है। युवक के पिता ने पांच लोगों के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दी है। भाट कॉलोनी, बंबोरा निवासी पिंटूलाल ओड़ ने पुलिस को बताया कि आरोपियों ने उनके पुत्र को बहला-फुसलाकर कार में बैठाया और अपने साथ ले गए। रिपोर्ट में विक्रम ओड़, अशोक ओड़, पायल ओड़, जयपुर निवासी रामलाल स्वर्ण तथा देवारी स्थित जिंक स्मेल्टर कॉलोनी निवासी लक्ष्मी को नामजद किया गया है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 140(3), 142, 127(2), 61(2) और 351(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया है। मामले की जांच सहायक उपनिरीक्षक लोगरलाल कर रहे हैं।

मामा के घर से निकली युवती लापता, पिता ने दर्ज कराई गुमशुदगी

उदयपुर। भींडर थाना क्षेत्र में मामा के घर से अपने घर जाने के लिए निकली युवती के लापता होने का मामला सामने आया है। युवती के पिता ने पुलिस को रिपोर्ट देकर उसे तलाशने की मांग की है। पुलिस के अनुसार प्रार्थी ने बताया कि उसकी पुत्री मामा के घर से अपने गांव निमड़ी जाने के लिए निकली थी, लेकिन वह घर नहीं पहुंची। परिजनों ने अपने स्तर पर तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने बीएनएस की धारा 137(2) और 87 के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच थानाधिकारी मुकेश चंद्र कर रहे हैं।

आधी रात घर में घुस कर युवक से मारपीट, अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। हिरणमगरी थाना क्षेत्र के आदर्श नगर सेक्टर-4 में घर पहुंचकर मारपीट करने का मामला दर्ज हुआ है। पुलिस के अनुसार आदर्श नगर निवासी पार्थ जारोली (21) ने रिपोर्ट दी कि 10 नवंबर की रात करीब साढ़े 12 बजे अज्ञात व्यक्ति उसके घर आए और उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने बीएनएस की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। प्रकरण की जांच सहायक उपनिरीक्षक सुरेश कुमार कर रहे हैं।

किराना दुकानदार को रास्ते में रोककर पीटा

उदयपुर। बड़गांव थाना क्षेत्र के घोड़ान कला में एक किराना दुकानदार के साथ रास्ते में रोककर मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने नामजद आरोपी सहित पांच लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार घोड़ान कला निवासी चुन्नीलाल गमेती (24) ने रिपोर्ट दी कि 9 नवंबर की शाम करीब 7 बजे आरोपियों ने उसे रास्ते में रोककर मारपीट की। रिपोर्ट में दिलीप पुत्र मोहनजी निवासी घोड़ान कला सहित चार अन्य लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 126(2), 115(2), 324(2), 109(1) और 3(5) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

बुजुर्ग के खाते से 1.50 लाख रुपए निकाले, साइबर ठगी का मामला

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। प्रतापनगर थाना क्षेत्र की साकेत कॉलोनी में एक बुजुर्ग के बैंक खाते से 1.50 लाख रुपए निकालने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार केंद्रीय विद्यालय के पास साकेत कॉलोनी निवासी रविंद्र गंगानी (66) ने रिपोर्ट दी कि अज्ञात आरोपी ने कथित रूप से षड्यंत्रपूर्वक उनके साथ धोखाधड़ी की और खाते से 1 लाख 50 हजार रुपए निकाल लिए। घटना का समय 10 नवंबर को दोपहर 12 से 1 बजे के बीच बताया गया है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 318(4) के तहत मामला दर्ज किया है। जांच सहायक उपनिरीक्षक भगवत सिंह कर रहे हैं।

रास्ते में रोककर युवक से मारपीट, दो नामजद

उदयपुर। टीडी थाना क्षेत्र के चणावदा गांव में रास्ते में रोककर एक युवक के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार चणावदा फला गोड निवासी महेंद्र कुमार मीणा (22) ने रिपोर्ट दी कि 9 नवंबर की शाम करीब 4 बजे वह रास्ते से जा रहा था। इसी दौरान पंकज पुत्र फतेहलाल और कालू पुत्र सुंदरलाल ने उसे रोककर मारपीट की, जिससे उसे चोटें आईं। पुलिस ने बीएनएस की धारा 115(2), 126(2) और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है। जांच हेड कांस्टेबल अरविंद कर रहे हैं।

कटारिया ने लिया विकास कार्यों का जायजा, पारस ओवरब्रिज 31 मार्च से पहले खोलने के निर्देश, आयड़ नदी से अतिक्रमण हटेगा

एलिवेटेड रोड नौ माह में पूरी करने की समयसीमा; नेहरू हॉस्टल की नई लेन सेवाश्रम तक जोड़ने को कहा

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाबचंद कटारिया ने बुधवार को उदयपुर में चल रही विकास और सौंदर्यीकरण परियोजनाओं का निरीक्षण किया। पारस तिराहा ओवरब्रिज से अटल पार्क तक आठ स्थानों पर पहुंचकर उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति देखी और अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ तय समय में काम पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान ट्रैफिक सुधार, अतिक्रमण हटाने और वैकल्पिक मार्ग विकसित करने पर विशेष जोर रहा। कटारिया ने सबसे पहले पारस तिराहा ओवरब्रिज का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने इसे 31 मार्च से पहले यातायात के लिए शुरू करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने चौराहे के आसपास के अतिक्रमण तत्काल हटाने के निर्देश भी दिए। इसके बाद किशनपोल स्थित नवनिर्मित डिप्टी कार्यालय पहुंचे, जहां पुलिस ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। उन्होंने कहा कि नए कार्यालय से क्षेत्र में अपराध नियंत्रण को मजबूती मिलेगी।



निर्माणाधीन एलिवेटेड रोड का जायजा लेते हुए कटारिया ने ठेका कंपनी और यूडीए अधिकारियों को गुणवत्ता से समझौता नहीं करने की हिदायत दी। अधिकारियों ने परियोजना नौ माह में पूरी करने की जानकारी दी। उन्होंने एलिवेटेड रोड के कारण हटाए गए बस स्टैंड चौराहे को दो पिलर के बीच दोबारा विकसित करने के निर्देश दिए। मुखर्जी चौक पर सब्जी मंडी शिफ्ट होने के बाद बनी पार्किंग व्यवस्था देखकर उन्होंने संतोष जताया। व्यापारियों ने भी अतिक्रमण हटने और व्यवस्था सुधरने पर खुशी जताई। आयड़ नदी के श्री निकेतन की तरफ नदी सीमा में हुए अतिक्रमण हटाने और वहां फेंसिंग कर सीमा तय करने के निर्देश दिए। ठोकर चौराहे पर रेलवे ट्रेनिंग ग्राउंड के पास स्थित भवन अधिगृहीत कर हटाने को कहा, ताकि चौराहे का विस्तार हो सके। नेहरू हॉस्टल के पास बनी नई लेन देखकर कटारिया ने इसे सेवाश्रम चौराहे तक जोड़ने के निर्देश दिए। अंतिम पड़ाव अटल पार्क में उन्होंने शेष निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कर पार्क का जल्द लोकार्पण करने को कहा। निरीक्षण के दौरान शहर विधायक ताराचंद जैन, पूर्व सभापति रविंद्र श्रीमाली, पूर्व महापौर जीएस टांक सहित जनप्रतिनिधि और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, यूडीए व नगर निगम के अभियंता तथा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

पुराने नगमों से कवि सम्मेलन तक, शिल्पग्राम में चार शाम सजेगा सुरों और स्वाद का संसार




24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। शिल्पग्राम का खुला आकाश अगले चार दिन संगीत, कविता, लोकलय और देशभर के जायकों का गवाह बनेगा। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र की ओर से 12 से 15 नवंबर तक आयोजित 'शरद रंग' उत्सव में हर शाम का रंग अलग होगा। कहीं श्वेत-श्याम फिल्मों के सदाबहार नगमे गूंजेंगे तो कहीं लोकधुनों का आधुनिक संगीत से संगम होगा। कवि सम्मेलन और लाइव म्यूजिक के साथ देश के अलग-अलग राज्यों के व्यंजनों का स्वाद भी उत्सव का आकर्षण रहेगा। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के निदेशक अश्विन एम. दलवी ने बताया कि उत्सव की शुरुआत 12 नवंबर को निश एंटरटेनमेंट की 'ब्लैक एंड व्हाइट संगीत संध्या' से होगी। मुक्ताकाशी रंगमंच पर पुराने दौर के लोकप्रिय फिल्मी गीतों की प्रस्तुति होगी। यह शाम श्वेत-श्याम फिल्मों और रेडियो के सुनहरे दौर की यादें ताजा करेगी। 13 नवंबर को डॉ. विजय सिद्ध और उनका दल 'कहरवा फ्यूजन' प्रस्तुत करेंगे। इसमें भारतीय लोकलय, पारंपरिक वाद्य और आधुनिक संगीत का मेल सुनने को मिलेगा। इसी दिन से 14 नवंबर तक सुबह 10 बजे बंजारा मंच पर भारतीय पाक-कला पर दो दिवसीय चर्चा एवं संवाद होगा। इसमें विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ भारतीय भोजन की परंपराओं, स्वाद और सांस्कृतिक विरासत पर विचार साझा करेंगे।

14 नवंबर की शाम प्रसिद्ध कवि अरुण जेमिनी और उनका दल कवि सम्मेलन में हास्य, व्यंग्य, गीत और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी रचनाएं प्रस्तुत करेंगे। चार दिवसीय आयोजन का समापन 15 नवंबर को हरप्रीत हसरत की 'एम्ब्रेस बाय हसरत' प्रस्तुति के साथ होगा।

उत्सव में दोपहर 12 से रात 10 बजे तक खानपान के स्टॉल भी सजेंगे। यहां राजस्थानी और लखनवी जायके के साथ बिहारी व्यंजन, पंजाबी ढाबा, बंगाल के पीठा-पुली, महाराष्ट्रियन स्वाद और हिमालया बाइट्स सहित विभिन्न क्षेत्रों के पकवानों का आनंद लिया जा सकेगा।

एक साथ दीक्षा लेंगे पति-पत्नी और दो बेटियां, जसवंतगढ़ में निकला भव्य वर्षीदान वरघोड़ा



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। संसार की मोह-माया और पारिवारिक जीवन का त्याग कर संयम पथ अपनाने जा रहे एक परिवार के सम्मान में बुधवार को गोगुंदा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत जसवंतगढ़ में भव्य वर्षीदान वरघोड़ा निकाला गया। सूरत से आए इस परिवार के चारों दीक्षार्थियों के स्वागत में पूरा कस्बा धर्ममय हो गया। डीजे की धुन, भक्ति गीतों और दीक्षा के जयकारों के बीच श्रद्धालु नाचते-गाते वरघोड़े में शामिल हुए। दीक्षा लेने जा रहे परिवार में सोहन बैन एवं राजमल के पुत्र मुमुक्षु दिलीप भाई, उनकी पत्नी मुमुक्षु ज्योतिबेन और दोनों बेटियां मुमुक्षु छवि बैन व मुमुक्षु चार्वी बैन शामिल हैं। चारों एक साथ सांसारिक जीवन छोड़कर जैन दीक्षा ग्रहण करेंगे। वरघोड़ा जसवंतगढ़ के प्रमुख मार्गों से होता हुआ बाईपास स्थित महाराणा प्रताप सर्कल पहुंचा। यहां से वापस गांव के मुख्य चौराहे पर पहुंचकर इसका समापन हुआ। रास्ते में ग्रामीणों और समाजजनों ने जगह-जगह दीक्षार्थियों का स्वागत किया। पिपलाज माता मंदिर पर सर्वसमाज की ओर से भी अभिनंदन किया गया। आयोजन में जसवंतगढ़ के साथ सूरत, पालघर, गोगुंदा, उदयपुर, पूरा सेरा प्रांत, वाकल प्रांत और बगडूंडा सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। चारों दीक्षार्थियों का मुख्य दीक्षा समारोह 8 फरवरी 2027 को सूरत के सूर्यपुरनगर स्थित पाल में आयोजित होगा।

सरपंच की कुर्सी पर खुद नहीं बैठे रामप्रसाद, सांवरिया सेठ को विराजमान कर बोले- मैं तो सेवक हूं



24 न्यूज अपडेट

निम्बाहेड़ा (कविता पारख)। चित्तौड़गढ़ जिले की शंभूपुरा ग्राम पंचायत में नवनिर्वाचित सरपंच रामप्रसाद जाट ने पदभार ग्रहण करने से पहले अनूठी पहल की। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-यज्ञ कराया और गंगाजल व गोमूत्र से पंचायत भवन का शुद्धिकरण करवाया। इसके बाद सरपंच की मुख्य कुर्सी पर खुद बैठने के बजाय भगवान सांवरिया सेठ की तस्वीर विराजमान कर दी। रामप्रसाद जाट ने कहा कि पंचायत की कुर्सी जनता की अमानत है और इसके असली मालिक सांवरिया सेठ हैं। उन्होंने कहा, "मैं सरपंच नहीं, जनता का सेवक हूं। भव्य शपथ ग्रहण समारोह होने तक सांवरिया सेठ ही इस कुर्सी पर विराजमान रहेंगे। मैं उनके आशीर्वाद से बगल में बैठकर गांव की सेवा करूंगा।" सरपंच के अनुसार, पंचायत भवन में लंबे समय से अनियमितताओं और गलत कामों की शिकायतें मिल रही थीं। ऐसे में उन्होंने शुद्धिकरण के साथ सकारात्मक सोच से नई शुरुआत करने का निर्णय लिया। उन्होंने बताया कि जल्द ही पंचायत के सभी समाजों के वरिष्ठजनों और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में भव्य शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। इसके बाद गांव के विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार की जाएगी। गौरतलब है कि रामप्रसाद जाट ने शपथ से पहले ही नल बिल माफी का ऐलान कर अपना पहला चुनावी वादा पूरा करने का दावा किया था। इस पहल की भी ग्रामीणों में चर्चा है।

सांवलिया सेठ के दरबार में आधी रात को बरसी मालपुओं की सौगात, 16 क्विंटल का बना महाप्रसाद



24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़। मंडफिया स्थित श्री सांवलियाजी मंदिर में अन्नकूट पर्व पर आस्था और परंपरा का अनूठा संगम देखने को मिला। आधी रात को मंदिर परिसर में मालपुओं की लूट की परंपरा निभाई गई तो प्रसाद पाने के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। राजस्थान के अलावा गुजरात और मध्य प्रदेश से भी बड़ी संख्या में भक्त इस परंपरा में शामिल होने पहुंचे। मंदिर में गोवर्धन पूजा के बाद रात करीब 10 बजे सांवलिया सेठ की विशेष आरती की गई। भगवान को पताशे, गन्ने के टुकड़े और मालपुओं का भोग लगाया गया। आरती के बाद रात करीब 11:30 बजे मंदिर मंडल और ओसरा पुजारी की देखरेख में मालपुए लुटाए गए। प्रसाद पाने के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह ऐसा था कि मंदिर परिसर में पैर रखने तक की जगह नहीं बची। व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और मंदिर मंडल के अधिकारी भी मौजूद रहे।

तीन हिस्सों में बंटा 16 क्विंटल प्रसाद

मंदिर मंडल की ओर से इस बार करीब 16 क्विंटल मालपुए तैयार करवाए गए। इनमें से लगभग 3 क्विंटल मंदिर परिसर में लुटाए गए, जबकि 3 क्विंटल श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में बांटे गए। शेष करीब 10 क्विंटल मालपुए गांव के हर घर तक पहुंचाए गए। इस तरह मंदिर की परंपरा में पूरा गांव भी सहभागी बना।

रात दो बजे तक चला महाप्रसाद मालपुओं की लूट के बाद देवकी सदन धर्मशाला में श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था की गई। रात करीब दो बजे तक चले इस आयोजन में बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसे ब्रह्म भोज भी कहा जाता है। दीपावली के बाद गुजरात से नाथद्वारा और सांवलिया सेठ के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। अन्नकूट पर भी मंदिर में बाहरी राज्यों से आए भक्तों की खास मौजूदगी रही।

चार माह की कठिन तपस्या की पूर्णाहुति का उत्सव शुरू, आयड़ तीर्थ के पांचों जिनालयों में गूंजे मंत्र



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 11 नवंबर। चार माह तक चली कठिन तप आराधना, त्याग और संयम की साधना अब पूर्णाहुति की ओर है। इसी उपलक्ष्य में आयड़ जैन तीर्थ में बुधवार से पांच दिवसीय तप पूर्णाहुति महोत्सव का शुभारंभ हुआ। आचार्य डॉ. मुक्तिसागर सूरीश्वर महाराज और आचार्य अचलमुक्तिसागर सूरीश्वर महाराज की निश्रा में शुरू हुए महोत्सव के पहले दिन तीर्थ के पांचों जिनालयों में विधि-विधान से अठारह अभिषेक किए गए। इस दौरान पूरा परिसर मंत्रोच्चार और भक्ति के रंग में रंगा नजर आया। महोत्सव का विशेष अवसर पूज्य साध्वी हर्षिताश्रीजी महाराज और साध्वी दौलतलताश्रीजी महाराज के चार माह के उग्र श्रेणितप की पूर्णाहुति तथा साध्वी तत्त्वरुचिश्रीजी महाराज की वर्धमान तप की 38वीं ओली के समापन से जुड़ा है। दोनों तप आराधनाएं चातुर्मास प्रवेश के दिन से चल रही थीं। इनकी पूर्णाहुति के उपलक्ष्य में पंचाह्निका महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। जैन महासभा के महामंत्री कुलदीप नाहर ने बताया कि पहले दिन सुबह कुंभ स्थापना, दीपक स्थापना और अठारह अभिषेक के अनुष्ठान हुए। कुंभ और दीपक स्थापना का लाभ उपाध्याय दिव्यचंद्रविजयजी महाराज की प्रेरणा से स्वर्गीय कमलादेवी एवं वक्तावरमलजी नाहर परिवार, बाकड़ावासवाला ने लिया। पांचों जिनालयों में विराजित प्रभु प्रतिमाओं, गुरुमूर्तियों और अधिष्ठायक देव-देवियों की प्रतिमाओं का अभिषेक किया गया। श्रद्धालुओं ने विभिन्न चढ़ावों का लाभ लेकर धर्म आराधना की। अनुष्ठान के बाद संघ की ओर से साधर्मिक भक्ति का आयोजन भी हुआ। हाथीपोल में चातुर्मास कर रहे उपाध्याय दिव्यचंद्रविजयजी महाराज भी विशेष रूप से आयड़ तीर्थ पहुंचे। उन्होंने श्रद्धालुओं को आगामी आयोजनों की जानकारी दी। महोत्सव के दूसरे दिन गुरुवार, 12 नवंबर को सुबह 9 बजे पाटला पूजन होगा। पांच दिवसीय आयोजन के दौरान आगे भी विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान होंगे।

अलसुबह बाइक बनी आग का गोला, उठीं ऊंची लपटें. दमकल ने मौके पर पहुंचकर पाया काबू



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र में बुधवार अलसुबह खड़ी मोटरसाइकिल में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते बाइक धू-धू कर जलने लगी और उससे ऊंची लपटें उठने लगीं। अचानक आग भड़कने से आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का मोर्चा संभाला। दमकलकर्मियों ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। समय रहते आग बुझने से आसपास खड़े अन्य वाहनों और क्षेत्र में आग फैलने का खतरा टल गया। फिलहाल बाइक में आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। शॉर्ट सर्किट या तकनीकी खराबी सहित अन्य संभावित पहलुओं को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। हादसे में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

बेखौफ बदमाशों ने की बुजुर्ग पर फायरिंग... पैर को छूकर निकली गोली, स्कूटी में धंसी!



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर के अंबामाता थाना क्षेत्र में मंगलवार रात बदमाशों ने दुस्साहसिक वारदात को अंजाम दिया। सज्जननगर में घर के बाहर स्कूटी पर बैठे बुजुर्ग अब्दुल शकूर पर तीन बदमाशों ने फायरिंग कर दी। गनीमत रही कि गोली उनके पैर को छूकर निकल गई, लेकिन स्कूटी में जा धंसी। गोली की आवाज से पूरा इलाका दहल उठा। रात करीब 8 बजकर 20 मिनट पर सिकंदर का बेटा आदिल कालिया अपने दो साथियों के साथ वहां पहुंचा। आरोप है कि बदमाशों के पास दो पिस्तौल थीं। एक बदमाश ने बुजुर्ग को निशाना बनाकर गोली चला दी, जबकि दूसरे की पिस्तौल से फायर नहीं हो पाया। वारदात के बाद तीनों आरोपी स्कूटी पर सवार होकर फरार हो गए।

24 न्यूज अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा।